संख्या-168/2020/2484/22-2-2019-17(1127)/2019

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 29 मई, 2020***

विषय:-जिला कारागार, मथुरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी राकेश पुत्र श्री ओमप्रकाश, निवासी-जिला-मथुरा की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-27774/प्रोबे0-5-दयायाचिका(बैठक-06.08.2019) दिनांक 06.09.2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, मथुरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी राकेश पुत्र श्री ओमप्रकाश, जो-गोमती मौ0 अडीग, थाना-गोवर्धन, जिला-मथुरा का रहने वाला है। बंदी सेन्ट्ल बैंक गोवर्धन मथुरा में कैशियर के पद पर कार्यरत था, 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बैंक बीजियल खाते से फर्जी तरीके से बीस लाख रूपये का निष्पादन कर अपराध कारित किया गया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-2852/2018 में भा0द0वि0 की धारा-409,420, 467,468,471, के अन्तर्गत मा0 मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मथुरा के आदेश दिनांक 16.08.2018 द्वारा 07 वर्ष का कारावास, 50,000/- जुर्माना,जुर्माना न देने पर 02 वर्ष, **06** माह का अतिरिक्त कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 12.03.2019 तक 05 वर्ष 05 माह 15 दिन की अपरिहार सजा तथा 05 वर्ष 06 माह 03 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गठित समिति ने बन्दी द्वारा भविष्य में अपराध करने की संभावना होने, पुन: अपराध करने में अशक्त न होने, जेल में और आगे निरूद्ध करने का सार्थक प्रयोजन होने के आधार पर समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की है। दयायाचिका समिति द्वारा बन्दी की आयु, कारित अपराध की प्रकृति एवं जिला मजिस्ट्रेट/पुलिस अधीक्षक द्वारा समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति न किये जाने के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त समयपूर्व रिहाई की **संस्तुति नहीं** की गयी है।

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी राकेश (बंदी संख्या-343/18) पुत्र श्री ओमप्रकाश, निवासी-जिला-मथुरा की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
विशेष सचिव।

संख्या-168/2020/2484(1)/22-2-2019 तद्दिनांक--

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, मथुरा।
2- अधीक्षक, जिला कारागार, मथुरा।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ ।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

करूणेश कुमार सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in